काशी हिन्दू विश्वविद्यालय BANARAS HINDU UNIVERSITY

*An Institution of National Importance Established by The BANARAS HINDU UNIVERSITY ACT XVI of 1915*

प्रबन्ध शास्त्र संस्थान

**INSTITUTE OF MANAGEMENT STUDIES**

*… Empowering managerial minds since 1968 …*

# Induction Program

## for newly admitted students of MBA & MBA IB

## Batch 2018

## (11 to 18 July 2016)

# Inauguration of New Academic session 2016-2017 &

# Induction Program for newly admitted students of MBA & MBA IB

## Press Release

**Mr. Ashwani Kumar, CMD, Dena Bank** inaugurated the **Six day Induction Programme** of the MBA & MBA IB batch (2016-18) which commenced withpaying floral tribute to Bharat Ratna Pandit Madan Mohan Malviyaji and lighting of the lamp followed by recitation of Kulgeet at Institute of Management Studies, BHU. **Mr. Kumar** congratulated the students for enrolling into Management Programme of BHU. He discussed about the importance of planning and timeliness in life. He stressed on the fact that networking, learning, 360 degree overview and relationship management are of prime importance in corporate life.




**Mr. Kumar** highlighted the importance of effective communication skills in an organization. He also deliberated upon the importance of adaptability in accordance with the changing environment by citing the examples of Big Industrial groups that vanished because they could not cope up with the changing environment. Mr. Kumar discussed about the five balls which everyone juggles with in their life. These five balls are Family, Friends, Health, Spirit and Work. Mr. Kumar said that except Work, no other ball bounces back once it falls. **Prof. H.P Mathur**, **University Placement Coordinator Cell** and Professor in the Institute, started the programme by welcoming all and paying tribute to **Goddess Saraswati**. **Prof. Mathur** told about the importance of knowledge in removing ignorance.




He inspired the students to be like flame of fire that always goes upwards. **Prof. Raj Kumar, Director, Dean & Head,** Institute of Management Studies, Banaras Hindu University formally welcomed the distinguished guests and students. **Prof. Raj Kumar** highlighted that the new batch would be the first batch to be enrolled since faculty has been upgraded to the Institute. He communicated to the newcomers that, they are the luckiest batch to witness centenary year celebration of the university as well as Golden Jubilee celebration of the institute. He stressed on the fact that, induction programme is for familiarizing students with the institute and university. Former Dean, **Prof. H. C. Chaudhary** gave an overview of the six day induction programme. He detailed about the various technical sessions of the Induction program. **Prof M. K. Singh, Dean of Students** was also present on the dice and blessed the students. He briefed the students about the various welfare and cultural activities of the university. The programme was conducted by **Prof. H.P Mathur**. He concluded by proposing a formal vote of thanks. The Induction Programme was coordinated by **Dr. Shashi Srivastava,** Assistant Professor, BHU.



## Standup India Meet organized jointly with Dena Bank on 11th July 2016

Stand up India Program in collaboration with Dena Bank commenced with garlanding the bust of Madan Mohan Malviyaji and lighting of the lamp at KN Udupa Auditorium, BHU. It was followed by recitation of Kulgeet.Mr. Ashwani Kumar, CMD, Dena Bank highlighted that, one should approach banks to avail credit and not to private money lenders who charge a very rate of interest in comparison to banks.




He requested people not to be afraid of paper works in case of availing loans from banks. Mr. Kumar encouraged the beneficiaries to provide employment to others as well. He deliberated about the restructuring facility of loans that every bank provides. ‘Start up India’ was launched by the Prime Minister NarendraModi few months back. ‘Stand up India' scheme under which banks will give loans of up to Rs 1 crore to SC/ST and women entrepreneurs is aimed at promoting entrepreneurship among Scheduled Castes/Scheduled Tribes and women by giving loans for setting up a new enterprise. The scheme is expected to benefit large number of such entrepreneurs, as it is intended to facilitate at least two such projects per bank branch on an average one for each category of entrepreneur.



The Welcome Address was given by Mr. B.R. Dash, Field General Manager (North India Operations), Dena Bank. He stressed upon the role of employment in development of a nation. Prof. H.P Mathur, University Placement Coordinator Cell gave a brief outline about the theme of the programme. He elaborated about the scheme and said that the scheme is for promoting women empowerment and weaker sections of the society. Prof. Mathur also highlighted about the training facilities for the projects under this scheme. Presentation about the stand up India Meet was delivered by Mr. DharmendraSankya, Chief Manager, Dena Bank, Mumbai. Prof. Raj Kumar, Director, Dean & Head, Institute of Management Studies, Banaras Hindu University addressed the guests and students. He told about the start up cell of the institute. Dr. Raj. Kumar also briefed about the proposed incubation centre project. A Formal vote of thanks was proposed by Mr. Suresh Buntolia, Zonal Manager (Lucknow Zone), Dena Bank. Ms. Pallavi Thacker conducted the programme. The Induction Programme was coordinated by Dr. Shashi Srivastava, Assistant Professor, BHU.

## Distinguished guest Speakers in the Induction Program:

- Mr. Ashwani Kumar, *CMD, Dena Bank*
- Mr. Sanjay Behl, *Chief Executive Officer, Lifestyle Business, Raymond*
- Mr. Kapil Bali, *Executive Director & CEO, YES Securities Ltd.*
- Mr. Bhavesh Shah *(Managing Director – Investment Banking), JM Financial Institutional Securities Limited*
- Swami Varishthanand Ji, *Ram Krishna Mission, Varanasi*
- Lt Col Deep Singh Mahlawat, *39 Gorkha Training Centre, Varanasi*
- Mr. Gynesh Tripathi, *Principal, Training College, DLW, Varanasi*
- Mr. Rahul Goenka,
- Prof. M.C. Bijavat, *Faculty of Law, Banaras Hindu University.*
- Prof. M.K. Singh, *Dean of Students' Welfare, Banaras Hindu University.*
- Prof. S.K. Trigun, *Chairman, Anti Ragging Cell, Banaras Hindu University.*
- Prof. Reeta Singh, *Women Grievance Cell, Banaras Hindu University.*
- Prof. B.C. Kapri, *General Secretary, Sports board, Banaras Hindu University.*
- Mr. Amitabh Agarwal, *Director, NIIT Varanasi*
- Prof. Reeta Kumar, *Department of Psychology, Banaras Hindu University.*
- Prof. Usha Kiran Rai, *Institute of Management Studies, Banaras Hindu University.*
- Prof. H.P. Mathur, *Professor, Institute of Management Studies & Coordinator, University Placement Coordination Cell, Banaras Hindu University.*

## Topics Covered:

- Personal Development & Employability
- Personal and Professional Transformation
- Corporate Culture and Expectations
- Developing Innovative and entrepreneurial Skills
- Hard work or Smart work?
- Ethics in Business
- Making of Leaders
- Introduction to Critical Thinking
- Importance of Profiling and Positioning
- Working in Multi-cultural teams
- Yoga and Meditation










**Mr. Ashwani Kumar, Chairman Dena Bank Chief Guest in the Inaugural of Induction Program**









**Mr. Sanjay Behl, Chief Executive Officer, Lifestyle Business, Raymond**



**Dr. Shashi Srivastava (FMS, BHU), Mr. Bhavesh A. Shah, Managing Director, JM Financial & Prof. H.P. Mathur (FMS, BHU)**



**Prof. S.K. Trigun, Convener, Anti Ragging Committee Convener, Banaras Hindu University, Prof. Usha Kiran Rai (FMS, BHU)**




**Prof. H.P. Mathur (FMS, BHU) & Mr. Amitabh Agarwal, NIIT Director, Varanasi**



**Swami Varishthanand Ji (Ram Krishna Mission), Varanasi &**
**Prof. Raj Kumar, Director, Institute of Management Studies, BHU.**




**Mr. Kapil Bali, CEO, YES Securities & Prof. H.P. Mathur (FMS, BHU)**




**Prof.Reeta Singh, Chairperson Women Grievance Cell & Prof. Usha Kiran Rai 9FMS, BHU)**




**Dr. Shashi Srivastava (FMS, BHU) presenting memento to Mr. Narendra Gupta (Session on Yoga)**




**Prof. M.C. Bijawat, Law Faculty, BHU**



**Mr. Umesh Singh (District Industrial Center, Varanasi)**




**Mr. Rahul Goenka**



**Lt Col Deep Singh Malawat**

**)**




Prof. H.C. Chaudhary (FMS, BHU)




Prof. S.K. Singh (FMS, BHU)




Prof. P.S. Tripathi (FMS, BHU)




Prof. Rekha Prasad (FMS, BHU)




**Prof. H.P. Mathur (FMS, BHU)**




**Prof. Ashish Bajpai (FMS, BHU)**




**Prof. S.K. dubey (FMS, BHU)**




**Prof. Alok Kr. Rai (FMS, BHU)**




Prof. Abhijeet singh (FMS, BHU)




Prof. P.V. Rajeev (FMS, BHU)




Prof.Ashish Singh,South Campus BHU







## Reflections in the Media on Induction Program

the pioneer

LUCKNOW | TUESDAY | JULY 12, 2016

# Stand Up India Programme starts in collaboration with Dena Bank



Dena Bank CMD Ashwani Kumar inaugurating Stand Up India programme at BHU in Varanasi on Monday Pioneer

PIONEER NEWS SERVICE ■ VARANASI

Stand Up India Programme in collaboration with Dena Bank commenced with garlanding the bust of Madan Mohan Malviyaji and lighting of the lamp at KN Udupa auditorium, BHU. It was followed by recitation of Kulgeet. Ashwani Kumar, CMD, Dena Bank highlighted that, one should approach banks to avail credit and not to private money lenders who charge a very high rate of interest in comparison to banks. He requested people not to be afraid of paper works in case of availing loans from banks. Kumar encouraged the beneficiaries to provide employment to others as well. He deliberated about the restructuring facility of loans that every bank provides. 'Start up India' was launched by the Prime Minister Narendra Modi few months back. 'Stand up India' scheme under which banks will give loans of up to Rs .1 crore to SC/ST and women entrepreneurs is aimed at promoting entrepreneurship among Scheduled Castes/Scheduled Tribes and women by giving loans for setting up a new enterprise. welcome address was given by BR Dash, Field General Manager (North India Operations), Dena Bank. He stressed upon the role of employment in development of a nation. Prof HP Mathur, University Placement Coordinator Cell gave a brief outline about the theme of the programme. Presentation about the Stand Up India Meet was delivered by Dharmendra Sankya, Chief Manager, Dena Bank, Mumbai. Prof Raj Kumar, Director, Dean & Head, Institute of Management Studies, BHU addressed the guests and students. Dr Raj. Kumar also briefed about the proposed incubation centre project. A formal vote of thanks was proposed by Suresh Buntolia, Zonal Manager (Lucknow Zone), Dena Bank. Pallavi Thacker conducted the programme. The induction programme was coordinated by Dr Shashi Srivastava.

आज

वाराणसी, १२ जुलाई, २०१६




बीएचयू के प्रबन्ध संकायमें आयोजित संगोष्ठीमें विचार व्यक्त करते वक्ता।

# स्टार्टअप इण्डिया योजना से महिला सशक्तीकरण को बल

**बीएचयू प्रबंधशास्त्र संस्थानकी संगोष्ठी में देना बैंक के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार के विचार**

भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्टार्टअप इण्डिया से रोजगार तलाशने की जगह रोजगार देने की क्षमता में वृद्धि होगी। लोग अपनी बुद्धि एवं बल के बूते स्वयं की कमाई के लिए स्टार्टअप योजना का उपयोग कर सकते है। इस योजना के तहत सभी बैंको की हर शाखा को कम से कम एक महिला एवं एक अनुसूचित जाति-जनजाति को दस लाख से एक करोड़ तक की धनराशि का ऋण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे महिला सशक्तिकरण को बढावा मिलेगा। यह बात सोमवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रबंधशास्त्र संस्थान में भारत सरकार की पहल पर चर्चा करते हुए देना बैंक के मुख्य प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार ने कहीं। उन्होंने कहा कि वाराणसी में देना बैंक की २ शाखाओं में १२ आवेदन स्वीकृत किये गये है। हर शाखा का ध्येय ऋण स्वीकृत करना है। अतः लोगों से यह गुजारिश है कि ऋण के लिए निजी साहूकारों की बजाय बैंक में ही संपर्क करें और यह भी ध्यान रखने की जरुरत है कि बैंक आपकी प्रगति के लिए सदैव आपके साथ खड़ा है। इस अवसर पर उन्होंने २६ लाभार्थियों को चेक भी वितरित किया। मुख्य प्रबंधक श्री धर्मेन्द्र शाक्य ने बैंक की नीतियों से अवगत कराया एवं स्टार्टअप इंडिया योजना की बारीकियों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर प्लेसमेंट को आर्डिनेशन सेल के समन्वयक प्रोफेसर एचपी माथुर ने विद्यार्थियों और जनता के बीच उद्यमिता की भावना जागृत करना जरुरी है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर राजकुमार सिंह ने विश्वविद्यालय के सुनहरे इतिहास के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस योजना से जो लोग भी लाभान्वित हो रहे है कि वह समाज के विकास में पूर्ण रुप से योगदान देकर सशक्त भारत का निर्माण करें। अतिथियों का स्वागत देना बैंक के फील्ड मैनेजर बीआर दास ने किया। देना बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश बंटोलिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

## स्वरोजगार से खुद और देश का करें विकास

वाराणसी, मंगलवार
12 जुलाई 2016



ीएचयू के केएन उडुपा सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ रते देना बैंक के प्रबंध निदेशक अश्वनी कुमार व अन्य।

- **स्टार्ट अप इंडिया व मुद्रा लोन वितरण कार्यक्रम में देना बैंक के प्रबंध निदेशक ने कहा**
- **लखनऊ परिक्षेत्र के तहत 126 पात्रों को मिला लाभ**

ाराणसी : बीएचयू के केएन उडप्पा सभागार ं प्रबंध शास्त्र संस्थान के सहयोग से देना बैंक स्टार्ट अप व स्टैंड अप इंडिया व मुद्रा ोजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन ोमवार को किया।

मुख्य अतिथि देना बैंक के प्रबंध निदेशक श्वनी कुमार ने कहा कि अब नौकरियों बहुत ्यादा हैं नहीं। ऐसे में स्वरोजगार के माध्यम से ुद भी रोजगार पाएं और दूसरों को भी रोजगार ें। इससे देश का आर्थिक विकास बेहतर तरीके से होगा। स्टार्ट अप व स्टैंड अप द्वारा आप अपनी बुद्धि एवं बल को स्वयं की कमाई के लिए उपयोग कर सकते हैं। वाराणसी में 2 शाखाओं में 12 आवेदन स्वीकृत किए गए है। हर शाखा का ध्येय ऋण स्वीकृत करना है इसलिए ऋण के लिए निज़ी साहूकारों की बजाय बैंक से संपर्क करें। कार्यक्रम की शुरुआत देना बैंक के जनरल मैनेजर बीआर दास के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों और ग्राहकों के बीच उद्यमिता की भावना जागृत करने की आवश्यकता के बारे में बताया। प्लेसमेंट को-आर्डिनेशन सेल के समन्वयक प्रो. एचपी माथुर ने भारत सरकार की स्टैंड अप इंडिया के बारे में बताया कि इसके द्वारा रोजगार तलाशने की जगह स्वयं रोजगार देने की क्षमता मिलेगी। नया आइडिया गांव के व्यक्ति को भी आ सकता है जिसके पास पर्याप्त संसाधन मौजूद नहीं है। स्टार्ट अप के तहत हर बैंक की प्रत्येक शाखा को कम से कम एक महिला एवं एक अनुसूचित जाति/जनजाति को 10 लाख से एक करोड़ तक की राशि का ऋण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

संस्थान के निदेशक प्रो. राजकुमार ने विश्वविद्यालय के सुनहरे इतिहास के बारे में सबको जानकारी दी। बैंक के मुख्य प्रबंधक धर्मेंद्र सांक्य ने बैंक की नीतियों से अवगत कराया। बैंक के मुख्य शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक जेके सिंह ने कहा कि 26 स्टार्टअप और 92 मुद्रा लोन के लाभार्थियों को चेकं वितरण किया। संचालन पल्लवी ठक्कर और आभार सुरेश बंटोलिया ने प्रकट किया।

अमर उजाला

मंगलवार । 12 जुलाई 2016

# स्वरोजगार के लिए बढ़ाएं कदम, दूर होगी बेरोजगारी

- बीएचयू में स्टैंड अप इंडिया के तहत गोष्ठी आयोजित
- 26 को स्टैंड अप लोन, 92 को मुद्रा लोन बांटे गए



संगोष्ठी का उद्‌घाटन करते अश्विनी कुमार व अन्य।

वाराणसी (ब्यूरो)। देना बैंक की ओर से बीएचयू केएन उडुप्पा सभागार में सोमवार को आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने लोगों को स्वरोजगार के लिए आगे आने का आह्वान किया। प्रबंधशास्त्र संकाय के सहयोग से स्टैंड अप इंडिया योजना के तहत आयोजित गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बैंक के सीएमडी अश्विनी कुमार ने कहा कि बैंक की ओर से स्वरोजगार के लिए सहयोग किया जा रहा है। मिलने वाले ऋण से जहां लोग स्वरोजगार कर सकेंगे वहीं बेरोजगारी दूर होगी।

गोष्ठी में बनारस, कानपुर, मिर्जापुरा, जौनपुर आदि जगहों से आए 26 लोगों को स्टैंड अप लोन और 92 लोगों को मुद्रा लोन दिए गए। सीएमडी ने कहा कि स्टैंड अप योजना की जानकारी लोगों को मिल सके, इसके लिए बीएचयू आईएमएस के सहयोग से जागरुकता कार्यक्रम कराये जाते रहेंगे। बनारस में दो शाखाएं हैं आने वाले दिनों में इसकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। फील्ड मैनेजर बी आरदास ने उद्यमिता से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान प्रो. एच पी माथुर, प्रो. राजकुमार, श्री धर्मेन्द्र सांक्य, सुरेश बंटोलिया, जेके सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## स्वरोजगार के लिए बढ़ाएं कदम, दूर होगी बेरोजगारी


वाराणसी। देना बैंक की ओर से बीएचयू केएन उडुप्पा सभागार में सोमवार को आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने लोगों को स्वरोजगार के लिए आगे आने का आह्वान किया। प्रबंधशास्त्र संकाय के सहयोग से स्टैंड अप इंडिया योजना के तहत आयोजित गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बैंक के सीएमडी अश्विनी कुमार ने कहा कि बैंक की ओर से स्वरोजगार करने वालों का हर कदम पर सहयोग किया जा रहा है। योजना के तहत मिलने वाले ऋण से जहां लोग स्वरोजगार कर सकेंगे वहीं बेरोजगारी दूर होगी।

गोष्ठी में बनारस, कानपुर, मिर्जापुरा, जौनपुर आदि जगहों से आए 26 लोगों को स्टैंड अप लोन और 92 लोगों को मुद्रा लोन भी दिए गए। सीएमडी ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को स्टैंड अप योजना के बारे में जानकारी मिल सके, इसके लिए बीएचयू आईएमएस के सहयोग से जागरुकता संबंधी कार्यक्रम कराये जाते रहेंगे। बताया कि वर्तमान में बनारस में दो शाखाएं हैं लेकिन आने वाले दिनों में इसकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। फील्ड मैनेजर बी आरदास ने विद्यार्थियों को उद्यमिता से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान प्रो. एच पी माथुर, प्रो. राजकुमार, श्री धर्मेन्द्र सांक्य, सुरेश बंटोलिया, जेके सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 12 जुलाई, 2016

# देना बैंक ने आयोजित की स्टैंड अप इंडिया संगोष्ठी



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर स्थित केएन उडप्पा सभागार सोमवार को प्रबंध शास्त्र संस्थान के सहयोग से देना बैंक के द्वारा भारत सरकार की स्टैंड अप इंडिया योजना पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य लोगो को इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देना एवं उनको प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत देना बैंक के फील्ड मैनेजर बीआर दास के स्वागत भाषण से हुई। उनहोंने विद्यार्थियों और जनता के मध्य उद्यमिता की भावना जागृत करने की आवश्यकता के बारे में बताया। उसके उपरांत प्लेसमेंट को.ऑर्डिनेशन सेल के समन्वयक प्रोण् एचपी माथुर ने भारत सरकार की स्टैंडअप इंडिया योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के द्वारा रोजगार तलाशने की जगह स्वयं रोजगार देने की क्षमता मिलेगी। नया आईडिया गाँव के व्यक्ति को भी आ सकता है जिसके पास पर्याप्त संसाधन मौजूद नहीं है और इस परिदृश्य में यह योजना बहुत ही मददगार साबित होगी। इस योजना के तहत हर बैंक की हर शाखा को कम से कम एक महिला एवं एक अनुसूचित जातिए जनजाति को 10 लाख से 1 करोड़ तक की राशि का ऋण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। संस्थान के निदेशक प्रोण् राज कुमार ने विश्वविद्यालय के सुनहरे इतिहास के बारे में जानकारी दी। देना बैंक के मुख्य प्रबंधक धर्मेन्द्र सांक्य ने बैंक की नीतियों से अवगत कराया एवं स्टैंड अप इंडिया योजना की बारीकियों के बारे में बताया। देना बैंक के प्रबंध निदेशक अश्वनी कुमार ने कहा कि इस योजना के द्वारा आप अपनी बुद्धि एवं बल को स्वयं की कमाई के लिए उपयोग कर सकते हैं। देना बैंक के जोनल मैनेजर सुरेश बंटोलिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
मंगलवार, 12 जुलाई 2016, वाराणसी, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, नगर

# कारपोरेट सेक्टर के लिए अच्छे प्लानरों की जरूरत

वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता




बीएचयू के उडुप्पा सभागार में सोमवार को प्रबंधशास्त्र संस्थान के कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते देना बैंक के चेयरमैन अश्विनी कुमार। ● हिन्दुस्तान

कारपोरेट जगत को आज ऐसे युवाओं की जरूरत है जो उनके काम के हिसाब से बेहतर प्लानिंग कर सकें। इसलिए जरूरी है कि संस्थान में पढ़ रहे विद्यार्थी अभी से अपने अंदर यह क्षमता विकसित करें। उन्हें अंकों के पीछे भागने की जरूरत नहीं है। सवालों के त्वरित और सटीक जवाब सीखना जरूरी है।

देना बैंक के चेयरमैन अश्विनी कुमार ने बीएचयू के प्रबंध शास्त्र संस्थान में सोमवार को नवागत छात्र-छात्राओं के साथ बातचीत में यह बात कही। उन्होंने शुरुआत में छात्र-छात्राओं से एक-दो सवाल किये, जिसका जवाब नहीं मिला। इसी पर उन्होंने कहा कि जवाब देने की क्षमता विकसित करनी होगी। अंक नहीं आपका व्यक्तित्व आपको आगे ले जाने में मददगार होगा। संस्थान के निदेशक प्रो. राजकुमार ने स्वागत किया। छात्र अधिष्ठाता प्रो. एमके सिंह ने व प्रो. एचसी चौधरी ने भी विचार रखे। संचालन प्रो. एचपी माथुर ने किया।

**पांच गेंदें जीवनभर उछलेंगीः** अश्विनी कुमार ने जीवन के महत्वपूर्ण पहलू पर चर्चा करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के हाथ में हमेशा पांच गेंदें होती हैं। जो उछलती रहती हैं और इन्हें व्यक्ति को नियंत्रित करना होता है। ये हैं परिवार, मित्र, स्वास्थ्य, स्पिरिट और काम। इनके बीच में जो लोग सही संतुलन बनाते हैं, वे हमेशा सफल रहते हैं।

**बॉस की बुराई करने से बचेंः** चेयरमैन ने कही कि कभी अपने सहयोगियों के बीच अपने बॉस की बुराई न करें। अगर कोई बात पसंद नहीं तो सीधे जाकर बात कर लें।

# स्टैंडअप के लिए प्रशिक्षण भी

**वाराणसी।** देना बैंक के चेयरमैन अश्विनी कुमार ने कहा है कि स्टैंडअप इंडिया के लिए जो लोग चयनित किये जायेंगे, उन्हें अपना उद्यम लगाने का प्रशिक्षण देने की भी व्यवस्था है। बैंक की शाखाओं के जरिये ऐसे लोगों को ऋण देने की प्रक्रिया की शुरुआत की जा चुकी है।

बीएचयू के डॉ. केएन उडुप्पा सभागार में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में 20 लोगों को प्रोजेक्ट मंजूरी के पत्र दिये गये। विश्वविद्यालय के प्रबंध शास्त्र संस्थान के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन ने कहा कि स्टैंडअप योजना अनुसूचित जाति, जनजाति व महिलाओं के लिए है। इन्हें अपना रोजगार शुरू करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक का ऋण महज 12.5 प्रतिशत ब्याजदर पर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर साल एससी-एसटी के एक और एक महिला को प्रत्येक शाखा से लोन दिया जाना है। श्रीकुमार ने ताकीद की कि ऋण के लिए हमेशा बैंक के पास ही जायें।

प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रो. एचपी माथुर ने बताया कि स्टैंडअप के लिए सात साल की अवधि का लोन दिया जायेगा। इसके अलावा टर्मलोन भी है। बैंक की मुंबई मुख्य शाखा के चीफ मैनेजर धर्मेंद्र सांख्य ने पीपीटी के जरिये बैंक की गतिविधियों की ज्ञानकारी दी। इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो. राजकुमार एस बुंटोलिया, बीआर दास, जेके सिंह व तौरिफ खां ने भी विचार रखे। संचालन पल्लवी ने किया।

inext
Varanasi, Tuesday , 12 July 2016

# अपनी बुद्धि से करें खुद के लिए कमाई




बीएचयू के केएन उडप्पा ऑडिटोरियम में आयोजित सेमिनार में बोलते वक्ता.

**बीएचयू में सेंट्रल गवर्नमेंट के स्टैंड अप योजना पर हुआ सेमिनार**

**देना बैंक के अधिकारियों ने योजना के बारे में दी जानकारी**

varanasi@inext.co.in

**VARANASI (11 July):** बीएचयू के केएन उडप्पा ऑडिटोरियम में सोमवार को सेंट्रल गवर्नमेंट के स्टैंड अप योजना पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया. बतौर चीफ देना बैंक के एमडी अश्वनी कुमार ने बैंक की नीतियों और और स्टैंड अप इंडिया योजना की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस योजना के द्वारा आप अपनी बुद्धि और बल को स्वयं की कमाई के लिए उपयोग कर सकते हैं. कहा कि आज की जरूरत नौकरी खोजने के बजाय खुद में ऐसी काबिलियत विकसित करने की है कि आप दूसरों को नौकरी दे सकें. बनारस में दो ब्रांचेज में 12 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं जो कि एक सराहनीय कार्य है. उन्होंने 26 लाभार्थियों को चेक वितरण भी किया.

## विकास में दें योगदान

बीएचयू के प्लेसमेंट कोऑर्डिनेशन सेल के कोऑर्डिनेटर प्रो. एच पी माथुर ने कहा कि आइडिया गांव के व्यक्ति को भी आ सकता है जिसके पास पर्याप्त संसाधन मौजूद नहीं है उसके लिए भी यह योजना बहुत ही मददगार साबित होगी. इंस्टीट्यूट के डीन प्रो. राजकुमार ने कहा कि जो लोग इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे हैं. उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वो समाज के विकास में पूरी तरह से योगदान दें. चीफ मैनेजर धर्मेन्द्र सांक्या ने भी अपने विचार व्यक्त किये. इसके पूर्व स्वागत फील्ड मैनेजर बी आर दास ने किया. देना बैंक के जोनल मैनेजर सुरेश बंटोलिया ने थैंक्स दिया.

## शुरू हुआ सेशन

मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट बीएचयू में सोमवार को एमबीए व एमबीए-आई बी के नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हुई. बतौर चीफ गेस्ट देना बैंक के चेयरमैन व एमडी अश्वनी कुमार ने शिरकत की. उन्होंने जीवन में प्रबंधन व समय की महत्ता को आवश्यक बताया. डायरेक्टर प्रो. राजकुमार ने स्वागत किया. पूर्व डीन प्रो. एचसी चौधरी ने कार्यक्रम की जानकारी दी. डीन ऑफ स्टूडेंट्स प्रो. एम के सिंह ने यूनिवर्सिटी की गतिविधियों के बारे में बताया. संचालन प्रो. एचपी माथुर ने किया. कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. शशी श्रीवास्तव रहीं.

वाराणसी, मंगलवार, 12 जुलाई, 2016

जनसंदेश टाइम्स

# रोजगार परक है स्टैंडअप योजना

वाराणसी। स्टैंडअप योजना रोजगार तलाश करने की जगह स्वयं रोजगार देने की क्षमता का विकास करने वाली योजना है। कोई नया आईडिया गाँव के व्यक्ति को भी आ सकता है, जिसके पास पर्याप्त संसाधन मौजूद नहीं हैं और इस परिदृश्य में यह योजना बहुत ही मददगार साबित होगी।

यह बातें बीएचयू प्रबंध शास्त्र के प्लेसमेंट कोऑर्डिनेशन सेल के समन्वयक प्रो. एचपी माथुर ने कही। आगे उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत हर बैंक की हर शाखा को कम से कम एक महिला एवं एकअनुसूचितजाति,जनजाति को10 लाख से एक करोड़ तक की राशि का ऋण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। वह

## बोले प्रो. माथुर

### छात्रों ने जाना स्टैंडअप के लिए मिल रही बैंक सुविधा

### बीएचयू एमबीए और देना बैंक की संयुक्त संगोष्ठी

बीएचयू चिकित्सा विज्ञान संस्थान के केएन उडुपा सभागार में प्रबंधशास्त्र संस्थान के सहयोग से देना बैंक की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के 'स्टैंडअप इंडिया' योजना पर आयोजित संगोष्ठी में कही। इस संगोष्ठी का उद्देश्य आमजन और शिक्षकों तथा छात्रों को इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देना एवं योजना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत देना बैंक के फील्ड मैनेजर बीआर दास के स्वागत भाषण से हुआ। भारत सरकार की स्टैंडअप इंडिया योजना पर संस्थान के निदेशक प्रो.राजकुमार ने बीएचयू के इतिहास से परिचय कराया। देना बैंक के मुख्य प्रबंधक धर्मेन्द्र साक्य ने बैंक की नीतियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में देना बैंक के प्रबंध निदेशक अश्वनी कुमार ने बताया कि वाराणसी में 2 शाखाओं में 12 आवेदन स्वीकृत किए गए है ; जो कि एक सराहनीय कार्य है।

अंत में देना बैंक के जोनल मेनेजर सुरेश बंटोलिया ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहाकि इस संगोष्ठी के से सरस्वती माता की भूमि पर लक्ष्मी माता का मिलन हुआ है। इस अवसर उन्होंने उपस्थित शिक्षकों छात्रों तथा ग्राहकों के प्रति आभार प्रकट किया।

₹ 2.50
राष्ट्रीय सहारा
मंगलवार • 12 जुलाई • 2016

# स्टैंड अप इंडिया से बनेंगे आत्मनिर्भर

**सहारा न्यूज ब्यूरो**
**वाराणसी।**

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो. के. एन. उडुपा सभागार में सोमवार को प्रबंध शास्त्र संस्थान के सहयोग से देना बैक के द्वारा भारत सरकार की स्टैड अप इंडिया योजना पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य लोगो को इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देना एवं उनको प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत देना बैक के फील्ड मेनेजर श्री बी आर दास के स्वागत भाषण से हुई जिन्होंने विद्यार्थियों और जनता के मध्य उद्यमिता की भावना जागृत करने की आवश्यकता के बारे में बताया।



प्लेसमेंट को-ऑर्डिनेशन सेल के समन्वयक प्रो. एच पी माथुर ने भारत सरकार की स्टैड अप इंडिया योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के द्वारा रोजगार तलाशने की जगह स्वयं रोजगार देने की क्षमता मिलेगी। नया आईडिया गांव के व्यक्ति को भी आ सकता है जिसके पास पर्याप्त संसाधन मौजूद नहीं है और इस परिदृश्य में यह योजना बहुत ही मददगार साबित होगी। इस योजना के तहत हर बैंक की हर शाखा को कम से कम एक महिला एवं एक अनुसूचित जाति/जनजाति को 10 लाख से 1 करोड़ तक की राशि का ऋण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। संस्थान के निदेशक प्रो. राजकुमार ने विश्वविद्यालय के सुनहरे इतिहास के बारे में सबको जानकारी दी और कहा कि जो लोग इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे है उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वो समाज के विकास में पूर्ण रूप से योगदान दें। देना बैक के मुख्य प्रबंधक श्री धर्मेन्द्र सांक्य ने बैक की नीतियों से अवगत कराया एवं स्टैडअप इंडिया योजना की बारीकियों के बारे में भी बताया। देना बैक के प्रबंध निदेशक श्री अश्वनी कुमार ने कहा कि इस योजना के द्वारा आप अपनी बुद्धि एवं बल को स्वयं की कमाई के लिए उपयोग कर सकते है। अश्वनी कुमार ने जानकारी दी कि वाराणसी में 2 शाखाओं में 12 आवेदन स्वीकृत किए गए है जोकि एक सराहनीय कार्य है। अश्वनी कुमार ने 26 लाभार्थियों को चेक वितरण भी किया। देना बैक के जोनल मेनेजर श्री सुरेश बंटोलिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा कि इस संगोष्ठी के द्वारा सरस्वती माता की भूमि पर लक्ष्मी माता का मिलन हुआ है और सभी उपस्थित लोगो के प्रति आभार जताया।

LUCKNOW, TUESDAY JULY 12, 2016; PAGES 16 ₹3

the pioneer

# Induction Programme inaugurated

PIONEER NEWS SERVICE ■ VARANASI

Ashwani Kumar, CMD, Dena Bank inaugurated the Six-day Induction Programme of the MBA batch (2016-18) which commenced with paying floral tribute to Bharat Ratna Pandit Madan Mohan Malviyaji and lighting of the lamp followed by recitation of Kulgeet at Institute of Management Studies (IoMS), Banaras Hindu University (BHU). Kumar congratulated the students for enrolling into Management Programme of BHU.

He discussed about the importance of planning and timeliness in life. He stressed on the fact that networking, learning, 360 degree overview and relationship management are of prime importance in corporate life. Kumar highlighted the importance of effective communication skills in an organisation. He also deliberated upon the importance of adaptability in accordance with the changing environment by citing the examples of Big Industrial groups that vanished because they could not cope up with the changing environment.

Kumar discussed about the five balls which everyone juggles with in their life. These five balls are Family, Friends, Health, Spirit and Work. Kumar said that except Work, no other ball bounces back once it falls. Prof HP Mathur started the programme by welcoming all and paying tribute to Goddess Saraswati.

Prof. Mathur told about the importance of knowledge in removing ignorance. He inspired the students to be like flame of fire that always goes upwards. was the chief guest in the induction programme. Prof Raj Kumar, Director, Dean & Head, Institute of Management Studies, Banaras Hindu University formally welcomed the distinguished guests and students. D. Kumar highlighted that the new batch would be the first batch to be enrolled since faculty has been upgraded to the Institute.

Former Dean, Prof HC Chaudhary gave an overview of the induction programme. Prof MK Singh, Dean of Students was also present on the dias.

The programme was conducted by Prof HP Mathur, The induction programme was coordinated by Dr Shashi Srivastava.




Dena Bank CMD Ashwani Kumar addressing Induction Programme of IoMS BHU in Varanasi on Monday  Pioneer

पायनियर

लखनऊ, मंगलवार, 12 जुलाई, 2016

# प्रबंध शास्त्र संस्थान के नवीन सत्र का आगाज

**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**

**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रबंध शास्त्र संस्थान में 11 जुलाई 2016 से एमबीए एवं एमबीए.आईबी के नए शैक्षणिक सत्र का प्रारम्भ हुआ।**

सत्र 2016–17 की शुरुआत एक सप्ताह के इंडक्शन प्रोग्राम के साथ होगी जिसमे छात्रए छात्राओं को पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि देना बैंक के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अश्वनी कुमार थे।

कार्यक्रम की शुरुआत में देना बैंक के प्रबंध निदेशक अश्वनी कुमारए विश्वविद्यालय के डीन;छात्र कल्याणद्ध प्रोफेसर एमके सिंह एवं संस्थान के निदेशक प्रोफेसर राजकुमार ने महामना मालवीय की मूर्ति का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर उद्घाटन किया। इस मौके पर अश्वनी कुमार ने कहा छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने जीवन में प्रबंधन एवं समय की महत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि कॉर्पोरेट के लिए संचार कौशल के साथ साथ अनुकूलता की प्रवृत्ति बहुत ही आवश्यक है। सत्र की शुरुआत प्रोण् एचपी माथुर ने ज्ञान के महत्व को बताया और छात्रों को आग की तरह हमेशा ऊपर की तरफ बढ़ना चाहिए। संस्थान के निदेशक प्रो राजकुमार ने स्वागत भाषण दिया।

प्रो राजकुमार ने कहा कि शताब्दी वर्ष में दाखिला प्राप्त करने वाले छात्र बहुत ही सौभाग्यशाली हैं। पूर्व डीन प्रोण् एचसी चौधरी ने कार्यक्रम की जानकारी दी एवं रुपरेखा से अवगत कराया। छात्र कल्याण डीन प्रोण् एमके सिंह ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो एचपी माथुर ने किया एवं कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. शशी श्रीवास्तव ने किया।

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

लखनऊ, रविवार, 17 जुलाई, 2016

# एमबीए छात्रों ने सीखे अर्थ प्रबंधन के गुर

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रबंध शास्त्र संस्थान में चल रहे साप्ताहिक इंडक्शन कार्यक्रम के आखिरी दिन नेएम फाइनेंशियल के प्रबंध निदेशक भावेश शाह ने एमबीए के छात्र छात्राओं को निवेश बैंकिंग की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि फाइनेंस रोजमर्रा की जिंदगी का एक अहम हिस्सा है। फाइनेंस का अंतिम अंग मार्केटिंग है। आज के युग में व्यक्ति को प्रत्येक क्षेत्र की जानकारी के साथ किसी एक क्षेत्र में महारत हासिल होनी चाहिए। भावेश शाह ने छात्रों को समूह में का अध्ययन करने और महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को एक दूसरों की मदद करने का पाठ पढ़ाया। भावेश शाह ने कहा कि जीवन में सफलता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू इंसान के अन्दर जुनून एवं लगन होता है। शाह ने छात्रों को सलाह दी कि किसी भी कंपनी से जुड़ने के पहले उसके बारे में उसकी कार्यशैली आदि की विस्तृत जानकारी होनी चाहिए ताकि इस बात का अंदाजा लगाया जा सके कि हम उसके अनुकूल हैं या नहीं? ताकि खुद को उस हिसाब से ढाल सकें। शेयर बाजार के बारे में बताते हुए भावेश शाह ने कहा कि इस क्षेत्र में किसी को भी स्वामित्व हासिल नहीं है।

**इंडक्शन कार्यक्रम संपन्न**

केवल उचित अध्ययन से जोखिम को कम किया जा सकता है। इसके साथ ही उनकी कंपनी व्यवहार की संस्कृति का पालन करती है और अपने ग्राहकों के लिए नियमित कार्यशैली और प्रकृति से हटकर कार्य करने के लिए तत्पर रहती है। इसके पहले स्पोर्ट्स मेडिसिन के नरेंद्र गुप्ता ने छात्रों को योग सिखाया एवं योग के लाभ बताए। पहले के सत्र में प्रिंसिपल ट्रेनिंग कॉलेज डीएलडब्ल्यू के आलोक त्रिपाठी ने मन की शक्ति के बारे में छात्रों से अनुभव साझा किया। मनोविज्ञान विभाग की प्रो. रीता सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी दी। एक सप्ताह चले इंडक्शन प्रोग्राम का समापन छात्रों द्वारा सांस्कृतिक से हुआ।

वाराणसी, 17 जुलाई 2016

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

# जिंदगी का हिस्सा बना फाइनेंस



## प्रबंध शास्त्र संस्थान में भावी प्रबंधकों को दी इन्वेस्टमेंट बैंकिंग की जानकारी

वाराणसी • रविवार • 17 जुलाई 2016

रविवासरीय

# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

## स्टॉक मार्केट के जोखिम से लड़ने को पूरी तैयारी जरूरी

वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता

वैसे तो जोखिम जीवन के हर क्षेत्र में होता है पर स्टॉक मार्केट का जोखिम कहीं ज्यादा बड़ा होता है। इसमें लोग अपनी पूंजी लगाते हैं। इस दुनिया में उतरने से पहले पूरी तैयारी जरूरी है। यह ऐसी दुनिया है जहां लाखों-करोड़ों कमा चुके लोग महज कुछ और रुपये कमाने के चक्कर में पूरी पूंजी गंवा बैठते हैं।

बीएचयू के प्रबंध शास्त्र संस्थान में सप्ताह भर के इंडक्शन प्रोग्राम के अंतिम दिन शनिवार को ये बातें जेएम फिनांशियल के प्रबंध निदेशक मनोज शाह ने कहीं। उन्होंने बताया कि कई लोग यहां के झटकों से मिलने वाले तनाव से खुदकुशी कर लेते हैं। सवाल-जवाब के दौरान छात्रों की ओर से शेयर मार्केट के बारे में पूछे गये सवालों पर शाह ने कहा कि फिलहाल छात्रों को दो साल अपने कोर्स पर ध्यान देना चाहिए।

### बीएचयू में मंथन

- सिर्फ कुछ और रुपयों की चाह में लुट जाती है जिन्दगी की कमाई
- कई लोग बाजार के झटकों से मिले तनाव के चलते करते हैं खुदकुशी



बीएचयू के प्रबंधशास्त्र संस्थान में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में जेएम फिनांशियल के एमडी मनोज शाह को सम्मानित करते डॉ. राशि श्रीवास्तव और प्रो. एसपी माथुर।

**एक लाख के फेर में गंवाए 99 लाख:** अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों की घटना का जिक्र करते हुए मनोज ने बताया कि एक व्यक्ति ने शेयरों के जरिये 99 लाख रुपये बना लिये थे। तब यह रकम काफी अधिक होती थी। उससे लोगों ने कहा कि अब बस करो पर वह पूरे एक करोड़ रुपये बनाना चाह रहा था। यहां उसकी किस्मत पलटी और एक लाख रुपये के चक्कर में उसने 99 लाख भी गंवा दिये।

### समूह में काम करना लाभकारी

शाह ने बताया कि शेयर मार्केट में समूह बनाकर काम करना ज्यादा लाभदायक होता है। सभी बड़ी कंपनियां समूहों में होती हैं। इसके अलावा लोगों का नेटवर्क बनाना होता है। कई तरह से सुझाव आते हैं तो इनमें से बेहतर छांटने में सुविधा होती है। पहली बार शेयर खरीद रहे हों तो किसी अनुभवी से सलाह लेना बेहद जरूरी है।

एक सवाल पर बताया कि शेयर मार्केट में कैल्कुलेशन का बड़ा महत्व है। रोटेशन भी होना चाहिए। एक शेयर पास में है तो दूसरा खरीदने से पहले इसे बेचने की कोशिश होनी चाहिए।

# दैनिक जागरण

वाराणसी, 14 जुलाई 2016

## पढ़ाया मैनेजमेंट का पाठ, दी अनुशासन की सीख

**वाराणसी :** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रबंध शास्त्र संस्थान में चल रहे इंडक्शन प्रोग्राम के तीसरे दिन बुधवार को विशेषज्ञों ने जहां एक ओर छात्रों को मैनेजमेंट का पाठ पढ़ाया वहीं दूसरी ओर अनुशासित होने की सीख भी दी। यस सिक्योरिटीज के सीईओ कपिल बाली कहा कि अमेरिका की सफलता का राज यह है कि वहां लोगों में नौकरी ढूंढने की प्रवृत्ति कम देने की ज्यादा है। उन्होंने छात्रों को मैनेजमेंट की बारीकियां बताते हुए कहा कि अवसर हर जगह मौजूद हैं बस हमें उन्हें इस्तेमाल करने का तरीका पता होना चाहिए।

**उग्र होने के साथ आर्मी अनुशासित :** गोरखा ट्रेनिंग सेंटर, वाराणसी के ले. कर्नल दीप सिंह महलावत ने अनुशासन एवं नेतृत्व का महत्व बताते हुए कहा कि आर्मी दुनिया की सबसे उग्र होने के साथ ही सबसे अनुशासित भी है। एनआइआइटी के निदेशक डा. अमिताभ अग्रवाल ने कहा कि आज के युग में विकल्प अधिक मौजूद हैं जिसके परिणामस्वरूप कठिनाईयां भी अधिक हैं क्योंकि पहले प्रतिस्पर्धा हजारों में होती थी और आज लाखों में है। रामकृष्ण मिशन के स्वामी वरिष्ठानंद ने आधुनिक सिद्धातों व प्राचीन ज्ञान के मध्य सामंजस्य को छात्रों के मध्य साझा किया।

वाराणसी, १४ जुलाई,२०१६

आज

# दुनिया में सोने का सर्वोच्च उपभोक्ता है भारत-बाली

## बीएचयू प्रबंधशास्त्र संस्थान में इंडक्शन कार्यक्रम का तीसरा दिन

अमेरिका की सफलता का राज यक है कि वहां के लोगो में नौकरी ढूंढने की बजाय नौकरी देने की प्रवृति ज्यादा है। भारत देश में लोकतंत्र और भाषा का ज्ञान सबसे अहम पहलू है। जिसके द्वारा हम सफलता की ऊंचाईयों को छू सकते है। यह बात काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रबंधशास्त्र संस्थान में चल रहे साप्ताहिक कार्यक्रम इंडक्शन कार्यक्रम के तीसरे दिन यस सिक्योरिटीज के सीईओ कपिल बाली ने कहीं। उन्होंने कहा कि भारत अभी भी सोने की चिडिया है क्योंकि हमारा देश दुनिया में सोने का सर्वोच्च उपभोक्त है। परंपरागत निवेश में लोग सोने पर निवेश सुरक्षित मानते थे जबकि वर्तमान परिस्थितियों में ऐसा नही है। दीर्घकालिक निवेश ही सुरक्षित एवं पूर्वकथनीय हे। श्री बाली ने छात्रों को प्रबंध की बारिकियां बताते हुए कहा कि अवसर हर जगह मौजूद है बस हमको सही को फलीभूत करना चाहिए। एनआईआईटी के निदेशक डांक्टर अमिताथ अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान दौर में विकल्प अधिक मौजूद है, जिसके परिणामस्वरूप कठिनाईयां भी अधिक है क्योंकि पहले प्रतिस्पर्धा हजारों में होती थी और आज लाखो में है। श्री अग्रवाल ने बिल गेट्स को उद्घृत करते हुए कहा कि एम एक साल की कार्यक्षमता को ज्यादा आंकते है जबकि १० साल की कार्य क्षमता को कम आंकते है। ज्ञान अर्जित करने का लाभ तभी है जब हम उसको लागू करें और यह आप पर निर्भर करता है कि आप अपने संस्थान से कितना ज्ञानार्जन करते है। द्वितीय सत्र में रामकृष्ण मिशन कें स्वामी वरिष्ठान दजी ने आधुनिक सिद्धांतों एवं प्राचीन ज्ञान के मध्य सामंजस्य को छात्रों के मध्य साझा किया। स्वामी जी ने प्रबंध शास्त्र में तथ्य एवं आंकाडो की वजाय इसके व्यवहारिक पहलुओं को अच्छी तरह से समझाना चाहिए तभी आप एक सफल प्रबंधक बन सकते है। स्वामीजी ने कहा कि किसी भी व्यापार का मुख्य उद्देश्य समाज की भलाई एवं विकास होना चाहिए तथा व्यापार में नैतिकता एवं मूल्यों को अंतर्निहित करना चाहिए। उसके उपरांत वाराणसी गोरखा प्रशिक्षण केन्द्र के कर्नल दीप सिंह महलावत ने छात्र छात्राओं को अनुशंसन एवं नेतृत्व का महत्व बताया। कर्नल ने अपने निजी अनुभव साझा करते हुए बताया कि आर्मी दुनिया की सबसे उग्र होने के साथ ही सबसे अनु शाषित भी है। कर्नल महलावत ने आर्मी के अनुशाषित हो का मुख्य कारण छोटी सी भी गलती पर कड़ी सजा को बताया। अतिथियों का स्वागत निदेशक राज कुमार सिंह एवं धन्यवाद प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रोफेसर एचपी माथुर ने दिया।



गुरुवार, 14 जुलाई 2016, वाराणसी,

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

# अमेरिका में नौकरी देने की प्रवृत्ति

## बीएचयू में इंडक्शन

वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता

भारत को आज भी सोने की चिड़िया कहा जा सकता है, यहां सोने का उपयोग दुनिया में सबसे ज्यादा होता है। अपने देश के विपरीत अमेरिका में नौकरी ढूंढ़ने की अपेक्षा नौकरी देने की प्रवृत्ति ज्यादा है।

यह बात बीएचयू के प्रबंध शास्त्र संस्थान में नए छात्रों के लिए चल रहे इंडक्शन कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को यस सिक्योरिटीज के सीईओ कपिल बाली ने कही। उन्होंने छात्रों को वित्तीय बाजार की उन्नति के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र और भाषा का ज्ञान सबसे अहम् पहलू है, जिसके जरिये हम सफलता की ऊंचाइयां छू सकते हैं। अवसर हर जगह है, बस इसे पकड़ने की जरूरत है।



बीएचयू के प्रबंध शास्त्र संस्थान में बुधवार को इंडक्शन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यस सिक्योरिटीज के सीईओ कपिल बाली को स्मृति चिह्न देते प्रो. एचपी माथुर।

शुरुआत में एनआईआईटी के निदेशक डॉ. अमिताभ अग्रवाल ने कहा कि आज विकल्प अधिक मौजूद हैं जिनके चलते कठिनाइयां भी अधिक हैं। हम एक साल की कार्यक्षमता को ज्यादा आंकते हैं जबकि 10 साल की कार्यक्षमता को कम आंकते हैं। दूसरे सत्र में रामकृष्ण मिशन के स्वामी वरिष्ठानंद ने कहा कि प्रबंध शास्त्र को तथ्य एवं आंकड़ों की जगह उसके व्यवहारिक पहलुओं को अच्छी तरह से समझना चाहिए तभी आप एक सफल प्रबंधक बन सकते हैं। गोरखा प्रशिक्षण केंद्र के ले. कर्नल दीप सिंह महलावत ने भी विचार व्यक्त किए। संस्थान के निदेशक प्रो. राजकुमार ने किया। संचालन बीएचयू में प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रो. एचपी माथुर ने किया।

i next, Varanasi, 14 July 2016

# नौकरी ढूंढने की बजाय दूसरों को दें जॉब



मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, बीएचयू में सप्ताहव्यापी इंडक्शन प्रोग्राम के दौरान एक्सपर्ट्स ने दिये टिप्स

**VARANASI (13 July):** मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, बीएचयू में चल रहे सप्ताहव्यापी इंडक्शन प्रोग्राम के तीसरे दिन बुधवार को एक्सपर्ट्स ने जहां स्टूडेंट्स को मैनेजमेंट पाठ पढ़ाया तो दूसरी ओर उन्हें अनुशासित होने की सीख भी दी. यस सिक्योरिटीज के सीईओ कपिल बाली ने कहा कि अमेरिका की सफलता का राज यह है कि वहाँ लोगों में नौकरी ढूंढने की बजाय नौकरी देने की प्रवृत्ति ज्यादा है. उन्होंने स्टूडेंट्स को मैनेजमेंट की बारीकियां बताते हुए कहा कि अवसर हर जगह मौजूद है बस हमें उन्हें इस्तेमाल करने का तरीका पता होना चाहिए.

## आर्मी है अनुशासन

गोरखा ट्रेंनिंग सेंटर, वाराणसी के ले. कर्नल दीप सिंह महलावत ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन एवं नेतृत्व का महत्व बताया. एनआईआईटी के डायरेक्टर डॉ. अमिताभ अग्रवाल ने कहा कि आज के युग में विकल्प अधिक मौजूद हैं जिसके परिणामस्वरूप कठिनाइयां भी अधिक हैं क्योंकि पहले प्रतिस्पर्धा हजारों में होती थी और आज लाखों में है. रामकृष्ण मिशन के स्वामी वरिष्ठानंद ने आधुनिक सिद्धांतों एवं प्राचीन ज्ञान के मध्य सामंजस्य को छात्रों के मध्य साझा किया. उन्होंने मैनेजमेंट के व्यवहारिक पक्ष को समझने पर बल दिया. मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, बीएचयू में चल रहे सप्ताहव्यापी इंडक्शन प्रोग्राम के तीसरे दिन बुधवार को एक्सपर्ट्स ने जहां स्टूडेंट्स को मैनेजमेंट पाठ पढ़ाया तो दूसरी ओर उन्हें अनुशासित होने की सीख भी दी. यस सिक्योरिटीज के सीईओ कपिल बाली ने कहा कि अमेरिका की सफलता का राज यह है कि वहाँ लोगों में नौकरी ढूंढने की बजाय नौकरी देने की प्रवृत्ति ज्यादा है. उन्होंने

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शुक्रवार, 15 जुलाई 2016, वाराणसी

बीएचयू में प्रबंध शास्त्र संस्थान के इंडक्शन कार्यक्रम में रेमंड के सीईओ ने दी जानकारी

# भारत सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनने में सक्षम

वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता

भारत अगले 10 वर्षों में विश्व की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता रखता है। देश में पर्याप्त वित्तीय भंडार मौजूद है और यहां ग्रीस जैसे हालात होने की आशंका बिल्कुल नहीं है।

बीएचयू के प्रबंध शास्त्र संस्थान में नवागत विद्यार्थियों के लिए चल रहे इंडक्शन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को ये बातें रेमंड ग्रुप के सीईओ संजय बहल ने कहीं। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में बदलाव की वजह यही है कि इसकी उन्नति हो रही है। इसी तरह जानकारी की प्रवृत्ति में भी बदलाव हुए हैं। भारत को इस दिशा में आगे बढ़ना होगा। बहल ने कहा कि जिस तरह से देश की आबादी बढ़ रही है, उस लिहाज से ही संसाधनों का प्रबंधन भी करना होगा। ऐसा इसलिए भी कि हमारे पास संसाधनों की कमी है। उन्होंने बताया कि रेमंड ग्रुप अपने कर्मचारियों के लिए घर, अस्पताल और उनके बच्चों के लिए स्कूल का निर्माण करा रहा है। इस दिशा में प्रतिद्वंद्वियों का भी साथ लिया जा रहा है। बहल ने कहा कि आज थ्री-डी प्रिंटिंग, वर्चुअल रियलिटी जैसी तकनीक का हर क्षेत्र में उपयोग हो रहा है। पेरिस फैशन शो में प्रदर्शित थ्री-डी प्रिंटिंग तकनीक से बने वस्त्र और फ्रांस में प्रचलित एसओएस ट्रैक्टर्स इसका उदाहरण हैं। उनका ग्रुप भी तकनीकी उन्नति करने की दिशा में प्रयासरत है।

आरंभ में गोयनका ग्रुप के राहुल गोयनका ने छात्रों को उद्यमिता और उद्यमवृत्ति की बारीकियां बताईं। विश्वविद्यालय के एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ के चेयरमैन प्रो. एसके त्रिगुण और प्रो. रीता सिंह ने महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की गतिविधियों की जानकारी दी। स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो. राजकुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रो. शशि श्रीवास्तव, प्रो. अमित गौतम भी मौजूद थे। प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रो. एचपी माथुर ने आभार जताया।

## सुझाव

- देश में पर्याप्त वित्तीय भंडार मौजूद, ग्रीस जैसे हालात की आशंका नही
- संजय बहल ने कहा-आबादी के अनुसार संसाधन प्रबंधन जरूरी



संजय बहल, सीईओ, रेमंड

वाराणसी, शुक्रवार, 15 जुलाई, 2016

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

# ग्रीस जैसा हाल हमारा नहीं : संजय बहल

**आश्वस्त**

## बीएचयू एमबीए के इंडक्शन कार्यक्रम में कारपोरेट के उदगार

**वाराणसी।** लंबे समय तक के लिए भारत के पास पर्याप्त वित्तीय भंडार है और ग्रीस जैसे हालात हमारे देश में नही उत्पन्न होंगे। हमारी आबादी बढ़ रही है इस कारण हमको कुशलतापूर्वक संसाधनों का प्रबंधन करना चाहिए, चूँकि हमारे पास संसाधन सीमित हैं। रेमंड ग्रुप अपने कर्मचारियों के लिए घर, स्कूल एवं अस्पताल आदि का निर्माण करवा रहा है तथा इस दिशा में अपने प्रतिद्वंदियों के साथ भी मिलजुल कर कार्य कर रहा है ताकि प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम दक्षता से उपयोग किया जा सके।

यह बातें बीएचयू प्रबंध शास्त्र संस्थान में चल रहे इंडक्शन प्रोग्राम में रेमंड ग्रुप के सीइओ संजय बहल ने कही। वह गुरुवार को छात्रों से कारपोरेट क्षेत्र मेंअपने अनुभव साझा कर रहे थे। संजय बहल ने जनसांख्यिकीय बदलाव, डिजिटल युग तथा वैश्विक आर्थिक शक्ति के स्थानांतरण को मुख्य कारक बताया। आगे कहा कि समय बदल रहा है एवं लोगो की औसत उम्र बढ़ रही है जिसके कारण सामाजिक संरचना बदल रही है अतः भविष्य में वृद्धाश्रम, स्वास्थ्य तथा बीमा संबंधी व्यवसाय शुरू करना एक बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय होगा। आजकल पहले हुई खोजो को व्यवहारिक जीवन के उपयोग में लाने पर जोर दिया जा रहा है तथा 3-डी प्रिंटिंग एवं




वर्चुअल रियलिटी जैसी तकनीकों का हर क्षेत्र में प्रयोग किया जा रहा है। पेरिस के फैशन शो में प्रदर्शित 3-डी प्रिंटिंग तकनीक से बने वस्त्र एवं फ्रांस में प्रचलित एसओएस ट्रैक्टर्स इसका उदाहरण है। रेमंड ग्रुप भी तकनीकी उन्नति करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। श्री बहल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत परिणाम का चित्रण कर रही है तथा आने वाले 10 साल में भारत विश्व की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनने की प्रतिभा रखती है।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में गोयनका ग्रुप के राहुल गोयनका ने छात्रों को उद्यमिता एवं उद्यमवृत्ति की बारिकियों से अवगत कराया तथा अपने जीवन के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर प्रो. एसके त्रिगुण ने छात्र छात्राओं के समक्ष एंटी-रैगिंग तथा प्रो. रीता सिंह ने महिला शिकायत सेल की जानकारी साझा की। अतिथियों का स्वागत संस्थान के निदेशक एवं डीन प्रो. राजकुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रो. एच पीं माथुर ने किया। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. शशी श्रीवास्तव रहीं एवं प्रो. अमित गौतम भी मौजूद रहे।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वाराणसी, शुक्रवार 15 जुलाई 2016

## 10 वर्षों में और मजबूत होगी भारत की अर्थव्यवस्था

- बीएचयू के प्रबंध संस्थान में आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम में बोले अतिथि

जागरण संवाददाता, वाराणसी : प्रबंध शास्त्र संस्थान, बीएचयू में चल रहे इंडक्शन प्रोग्राम में गुरुवार को रेमंड ग्रुप के सीईओ संजय बहल ने छात्रों के मध्य अपने अनुभव साझा किए तथा उनको वैश्विक उन्नति से अवगत कराया। वैश्विक अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलाव को वैश्विक अर्थव्यवस्था की उन्नति का मुख्य आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत परिणाम का चित्रण कर रही है। आने वाले 10 साल में भारत विश्व की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनने की प्रतिभा रखती है। भारत के पास पर्याप्त वित्तीय भंडार है। ग्रीस जैसे हालात हमारे देश में नहीं उत्पन्न होंगे।





बीएचयू के प्रबंध शास्त्र संस्थान में अतिथि को स्मृति चिह्न देते शिक्षकगण।

उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था को जनसांख्यिकीय बदलाव, डिजिटल युग तथा वैश्विक आर्थिक शक्ति के स्थानांतरण को मुख्य कारक बताया। कहा कि जिस प्रकार भारत में आबादी बढ़ रही है उसके अनुसार हमें कुशलतापूर्वक संसाधनों का प्रबंधन करना होगा। कहा कि जानकारी की प्रवृत्ति वर्णनात्मक से भविष्यात्मक हुई है।

आज के युग में यह निदेशात्मक हो चुकी है जबकि भारत देश अभी भी भविष्यात्मक स्तर पर ही रुका है। ऐसे में सभी को तरक्की के लिए प्रयास करना होगा। प्रथम सत्र में गोयनका ग्रुप के राहुल गोयनका ने छात्रों को उद्यमिता एवं उद्यमवृत्ति की बारीकियों से अवगत कराया। प्रो. त्रिगुण ने एंटी-रैगिंग तथा प्रो. रीता सिंह ने महिला शिकायत सेल की जानकारी दी। आयोजन समन्वयक प्रो. शशी श्रीवास्तव एवं प्रो. अमित गौतम की देखरेख में हुआ। स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो. राजकुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन विवि प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रो. एचपी माथुर ने किया।

# अमर उजाला

वाराणसी । शुक्रवार । 15 जुलाई 2016

## नवप्रवेशियों से रूबरू हुए संजय बहल

वाराणसी (ब्यूरो)। प्रबंध शास्त्र संस्थान बीएचयू में चल रहे इंडक्शन प्रोग्राम में रेमंड ग्रुप के सीईओ संजय बहल गुरुवार को नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि जिस तरह देश की आबादी बढ़ रही है, उस क्रम में हमें कुशलतापूर्वक संसाधनों का प्रबंध करना चाहिए। गोयनका ग्रुप के राहुल गोयनका ने छात्रों को उद्यमिता व उद्यम वृत्ति की बारीकियां बताईं। प्रो. त्रिगुण ने छात्र-छात्राओं को एंटी रैगिंग और प्रो. रीता सिंह ने महिला शिकायत सेल की जानकारी साझा की। स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो. राजकुमार ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. एचपी माथुर ने किया।

hindustantimes

HINDUSTAN TIMES, LUCKNOW
FRIDAY, JULY 15, 2016

# Mgmt students learn challenges of business

**VARANASI:** The fourth day of the induction programme held for new entrants at the Institute of Management Studies, Banaras Hindu University (IMS-BHU) became special with Sanjay Behel, the CEO of Raymond, on Thursday.

The day also witnessed deliberation by Rahul Goenka, director, Goenka Automobiles Dealers.

Addressing the students, the CEO focused on the changing business environment in the present world. He asked the students to keep prime objective of creating value of their business in the long run. It was followed by deliberation on technological innovations like 3-D printing, virtual reality and artificial intelligence that are contributing immensely to the growth of businesses.

Earlier Rahul Goenka highlighted the cut throat competition and how difficult it was to sustain a business. He stressed on the fact that India is the fastest growing economy and encouraged the students to create employment rather than getting employed. **HTC**

गुरुवार, 14 जुलाई, 2016

**जनसंदेश टाइम्स**

# 'अधिक विकल्प कठिनाई लाया'

**वाराणसी।** आज विकल्प अधिक मौजूद हैं जिसके परिणामस्वरूप कठिनाईयां भी अधिक हैं, क्योंकि पहले प्रतिस्पर्धा हजारों में होती थी और आज लाखों में है। उक्त टिप्पणी एनआईआईटी के निदेशक डा. अभिताभ अग्रवाल ने परस्पर संवादात्मक व्याख्यान के दौरान की। उन्होंने बिल गेट्स का उदाहरण देते हुए कहा कि हम एक साल की कार्यक्षमता को ज्यादा आंकते हैं जबकि 10 साल की कार्यक्षमता को कम। अमिताभ ने कहा कि ज्ञान अर्जित करने का लाभ तभी है जब हम उसको लागू करें और यह आप पर निर्भर करता है कि आप अपने संस्थान से कितना ज्ञानार्जन करते हैं। वह बीएचयू प्रबंधशास्त्र संस्थान की ओर से चल रहे एक सप्ताह के इंडक्शन प्रोग्राम के तीसरे दिन छात्रो को संबोधित कर रहे थे।

**अमर उजाला**

वाराणसी | बृहस्पतिवार | 14 जुलाई 2016

# आधुनिक और प्राचीन ज्ञान में हो सामंजस्य

वाराणसी। प्रबंध शास्त्र संस्थान बीएचयू में आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम के तहत बुधवार को येस सिक्योरिटीज के सीईओ कपिल बाली ने वित्तीय बाजार की क्रमागत उन्नति की जानकारी दी। एनआईआईटी के निदेशक डॉ. अमिताभ अग्रवाल ने कहा कि आज विकल्प मौजूद हैं। कठिनाइयां भी अधिक हैं। स्वामी वरिष्ठानंद ने आधुनिक सिद्धांतों व प्राचीन ज्ञान के बीच सामंजस्य स्थापित करने की बात कही।